# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर, (छ.ग.)

(cmohealth@gmail.com)
**Ph No 07763223375, Fax No- 07763220654**

क्रमांक/ एड्स / स्थापना / 2023 / 7640 जशपुर, दिनांक 11/09/2023

## //वॉक–इन इन्टरव्यू //

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के पत्र क्रमांक/एड्स/स्थापना/2023/398 रायपुर, दिनांक 26.05.2023 के परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति अंतर्गत स्वीकृत पदों के आधार पर जिले स्तर पर संविदा के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है जिस हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से तालिका में दर्शित रिक्त पदों पर जिला आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 23/09/2023 को प्रातः 10 बजे से **स्थान–कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.)** में वॉक–इन के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा। सभी नियुक्तियां एवं चयन प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

| S.No | Post | Ur | ST | OBC | SC | Qualification | Desirable/Experience | Age Limit | Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Counsellor STI(DGRC) | 1 | 0 | 0 | 0 | Graduate Degree Holder in psychology/Social work/sociology/Anthroplogy/Human Develoment/Nursing with 3 Years ofExperience in Counseling/educating under National Health Programme<br>OR<br>Post Graduate in psychology/Social Work/Sociology/Anthropology/Human development /Nursing<br>**If Candiadte is a person living with HIV/AIDS(PLHIV)**<br>Graduate Degree Holder in psychology/Social work/sociology/Anthroplogy/Human Develoment/Nursing with 1 Years ofExperience in Counseling/educating under National Health Programme | Experience of working under the National AIDS and STD Control Programme (NACP) facility or community Settings and computer knowledge | 62 | 21000/- |
| 2 | LT | 1 | 3 | 1 | 0 | BSC in Medical Labortory Technology (BMLT)<br>or<br>BMLS Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT) or DMLS with the course duration of at least 2 Years recognised by state Government /Central Government | 1. Two Years of Experience of Working in Diagnostic Laboratory for those with BSC /Diploma in Medical Laboratory Technology(Course duration of 2 years)<br>2. One year Experience for those working in diagnostic laboratory for candidates having Msc In Laboratory | 62 | 21000/- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | Technology<br>3. Candidates With Experience of Working in Accredited labs or those labs who have applied for accreditation will be preferred Desirable MSC in Medical Laboratory Technology/MMLS | | |

## –:: आवेदन के संबंध में दिशानिर्देश ::–

### 1. आवेदन पत्र के संबंध में:–

1.1. आवेदक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर जिले के वेबसाईट www.jashpur.nic.in में विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

1.2. निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 23/09/2022 को प्रातः 10 बजे से **स्थान–कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.)** में वॉक–इन के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.3. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए रूपये 400/– आवेदन शुल्क देय होगा । आवेदन शुल्क केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार्य किए जायेंगे। आवेदन शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट **जिला एड्स नियंत्रण समिति, जशपुर** के नाम से तैयार कर ऑनलाईन आवेदन में संलग्न करना होगा। जिसकी मूलप्रति के पीछे उम्मीदवार का नाम तथा मोबाईल नंबर अंकित कर डाक के माध्यम से इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा ।

1.4. **छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी आवेदकों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा।**

1.5. एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन करना होगा एवं पृथक–पृथक शुल्क जमा करना होगा । **छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी आवेदकों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा।**

1.6. आवश्यकतानुसार परीक्षा जशपुर में ली जायेगी। जिसमें शामिल होने के लिये अभ्यार्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा ।

1.7. प्राथमिकतानुसार वांछित, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता दोनों आवश्यक होगा। समान शैक्षणिक योग्यता के होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य क़े निवासी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी ।

1.8. प्रावीण्य सूची में छत्तीसगढ़ के अभ्यार्थियों के पश्चात् ही अन्य राज्यों के अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

1.9. आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी नियमों का अवलोकन कर स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है अथवा नहीं। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा परीक्षाफल घोषित होने के बाद भी अनर्हता पाया जाता है अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है उसकी अभ्यर्थिता / चयन परिणाम निरस्त किया जा सकेगा। जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं ही जिम्मेदारी होगा ।

### 2. आयु सीमा :–

2.1 जिला मुख्यालय के सभी एकल पदों की आयु सीमा नाको के पत्र क्रमांक A11011/692007–NACO dated 27th July, 2012 के अनुसार अभ्यर्थियों की आयु सीमा 62 वर्ष होगी एवं जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में दो प्रयास में चयन नहीं हुआ है. उनकी अधिकतम आयु 65 वर्ष (प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की दशा में) होगी।

### 3. चयन प्रक्रिया :–

3.1. विज्ञापन योग्यता के अनुसार योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों में 1 पद के विरूद्ध 20 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा हेतु पात्र होंगे । विज्ञापन हेतु शैक्षणिक (Qualification) एवं अनिवार्य अनुभव (Essential Experience) के क्रमसंख्या 1,2,3............ क्रमानुसार आधार पर लिया जायेगा । यदि सरल क्र.1 में ही 20 अभ्यर्थी पात्र होते हैं तो सरलक्र. 2.3.4.......... के अभ्यार्थियों पर चयन प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किया जावेगा। अंतिम चयन सूची भी इसी कमानुसार अर्थात सरलक्र.1 प्रथम स्थान पर, सरलक्र. 2 द्वितीय स्थान पर, स.क्र. 3. तृतीय स्थान के आधार पर तैयार किया जायेगा। प्रावीण्य सूची में छत्तीसगढ़ के अभ्यार्थियों के पश्चात ही अन्य राज्यों के अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी द्य

3.2. वॉक–इन के समय अनिवार्य अभिलेखों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यार्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है।

3.3. अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी :–

3.3.1

- स्नातक के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 55 प्रतिशत अंक
- स्नातकोत्तर उपाधि–15 अंक

  अथवा
- स्नातकोत्तर डिप्लोमा – 10 अंक

3.3.2 कौशल दक्षता परीक्षा – 20 अंक

3.3.3 अनुभव – 10 अंक, प्रतिवर्ष 02 अंक (अनिवार्य सेवा अनुभव पश्चात् और अधिक अनुभव होने पर 1 वर्ष हेतु 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक दिये जायेंगे)।

- मेरिट सूची –शैक्षणिक योग्यता, कौशल परीक्षा, साक्षात्कार एवं अनुभव के प्राप्तांक आधार पर मेरिट सूची तैयारकी जायेगी।
- नियमित कोर्स से उत्तीर्ण हुये अभ्यर्थी एवं कोरसपोंडेंस कोर्स से उत्तीर्ण हुये अभ्यर्थी में से योग्यता के क्रम संख्या अनुसार शैक्षणिक योग्यता, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार पश्चात प्राथमिकता में चयन की पात्रता होगी।
- समान अंक पात्र होने की दशा में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी अर्थात् जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उसके अनुसार वरीयता में उच्च्व क्रम पर रखा जावेगा।

3.3.4 कौशल परीक्षा के कुल अंकों का 33 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग तथा 25 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के आवेदकों को अंक अर्जित करना आवश्यक है।

3.3.5 चयनित अभ्यर्थियों को एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त ई.पी.एफ. व नियमानुसार यात्रा भत्ता का लाभ होगा।

3.3.6 उपरोक्त संविदा पद पर चयन के उपरांत नियुक्ति आदेश समस्त सेवा शर्तों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर द्वारा जारी किए जाएंगे।

3.3.7 संविदा पर नियुक्त अधिकारी / कर्मचारी का प्रतिवर्ष कार्य मूल्यांकन किया जावेगा । कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में संविदा सेवा की वृद्धि आगामी वर्ष हेतु विचार किया जावेगा।

3.3.8 सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 03.05.2023 के आदेशानुसार उपरोक्त नियुक्तियां एवं चयन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित व्यवस्था अनुसार किये जाने की अंतरिग अनुमति प्रदान की है । तदानुसार आरक्षण रोस्टर पूर्व निर्धारित व्यवस्था अनुसार रोस्टर का पालन किया गया है । उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19568 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगा।

3.3.9 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा ।

3.3.10 ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता / वित्तीय अनियमितता / अनुचित व्यवहार के कारण संबंधित विभाग या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त किये जाने की पुष्टि होने पर, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जायेगा ।

3.3.11 भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर परियोजना संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति का निर्णय ही मान्य होगा ।

3.3.12 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी में किसी भी प्रकार के असत्य एवं मिथ्या पाई जाती है तो बिना किसी सूचना के आवेदन अस्वीकार कर दिया जावेगा। जिसके लिये आवेदक स्वयं ही जिम्मेदार होगा ।

3.3.13 शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा। अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश संलग्न किये जाने पर ही अनुभव को मान्य किया जावेगा।

*(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)*

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला जशपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

| स्व हस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें। |
|---|

आवेदित पद का नाम :..........................................................

प्रति,

**मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला जशपुर, छ.ग.**

1. आवेदक का नाम ( हिन्दी में) :..........................................................
2. (अंगेजी के कैपिटल अक्षर में) :..........................................................
3. पिता / पति का नाम :..........................................................
4. माता का नाम :..........................................................
5. (अ) जन्म तिथि (अंको में) : वर्ष ...................... माह........................ दिन......................

   (ब) आयु 01.01.2023 की स्थिति में : वर्ष ...................... माह........................ दिन......................
6. जाति (सामान्य / अनु. जाति / जनजाति / अ.पि.वर्ग) :..........................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. लिंग ( पुरुष / महिला / अन्य) :..........................................................
8. छ.ग. का स्थानीय निवासी है या नहीं :..........................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. क्या आप विकलांग श्रेणी के हैं (हां / नहीं) :..........................................................
   (विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार)
10. भूतपूर्व सैनिक हां / नहीं :..........................................................
    (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11. स्थायी निवास का पता :..........................................................
    :..........................................................:..........................
    ..........................................................

    वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :..........................................................
    :..........................................................:..........................
    ..........................................................

    मोबाईल / दूरभाष नं ..........................................................

    ई मेल आई.डी..........................................................
12. रोजगार कार्यालय का नाम :..........................................................

    जीवित पंजीयन कमांक एवं दिनांक :..........................................................
13. **आवेदन शुल्क –**

    (आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से जिला एड्स नियंत्रण समिति जशपुर के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि जशपुर में देय होगा, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नहीं होगा।)
14. बैंक ड्राफ्ट का विवरण :– डी.डी. कमांक ...................................... राशि ......................

    बैंक का नाम ...................................... दिनांक....................

/ / क्रमशः–02 / /

**15. शैक्षणिक योग्यता :– (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावे)**

| क | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का प्राप्तांक | प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. क्या आप विवाहित है (हां/नहीं) ...............

**17. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या ................ (निम्नांकित क्रम में संलग्न करें)**

1. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति
2. दसवीं/बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र
3. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का)
4. तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
5. अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र
6. रोजगार पंजीयन
7. संबधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
8. जाति प्रमाण पत्र
9. मूल निवास प्रमाण पत्र
10. विकलांग प्रमाण पत्र
11. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधत प्रमाण पत्र
12. अन्य आवश्यक दस्तावेज।

**–:: घोषणा पत्र ::–**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान..............................

दिनांक...........................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

नाम....................................................

पूर्ण पता..........................................

*(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)*

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला जशपुर (छ.ग.)